>

Title : Need to install India Mark Hand-pumps in Chail Parliamentary Constituency under Rashtriya Swajaldhara Scheme.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चायल जिसमें तीन जिले आते हैं, इलाहाबाद, कौशाम्बी एवं फतेहपुर, यहां पानी भू-गर्भ में जल स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री के मौखिक आदेशानुसार जिले से फिर प्रदेश योजना विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजने के बाद भी इंडिया मार्क सैकिंड हैण्डपम्प नहीं लग रहा है जबकि पूरे क्षेत्र के तीनों जिलों में पेयजल की समस्या अत्यधिक दयनीय है।

मैं पुनः भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय को कहना चाहूंगा कि राष्ट्रीय स्वजलधारा कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद स्थित बहुत विकराल बनी है, को ध्यान में रखते हुए 5000 हैण्डपम्प तत्काल लगाने का आदेश दें।